प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 26.12.2024

- **महिला सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने में कानपुर देहात पुलिस की एक और कार्यवाही।**
- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित 01 नफर अभियुक्त को मात्र 24 घंटे के अन्दर किया गिरफ्तार।**
- **थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 333/2024 धारा 333/64(1)/351(3) बीएनएस में वांछित था अभियुक्त।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, थाना मंगलपुर पर दिनांक 25.12.2024 को वादिनी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 333/2024 धारा 333/64(1)/351(3) बीएनएस बनाम 01 नफर नामजद अभियुक्त पंजीकृत किया गया था। जिसमें थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये आज दिनांक 26.12.2024 को मुखबिर की सुचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित चल रहे अभियुक्त मोहित चौबे पुत्र रामशंकर चौबे निवासी ग्राम जैतीपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 30 वर्ष को थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा समय करीब 12.30 बजे करियाझाला मोड कस्बा झींझक थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. मोहित चौबे पुत्र रामशंकर चौबे निवासी ग्राम जैतीपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर।

गिरफ्तार करने वाली थाना मंगलपुर पुलिस टीम-

1. निरीक्षक श्री रजनीश कुमार
2. हे0का0 109 मुकेश कुमार
3. म0का0 06 अर्चना पटेल